## खबर संक्षेप

### पथरीली जमीन पर स्ट्रॉबेरी की खेती से चमकी किसान की किस्मत, कृषक श्री कैलाश पवार वर्ष भर में कमा रहे हैं 35 लाख

छिन्दवाड़ा शासन और कृषि व उद्यानिकी विभाग की प्रेरणा से किसान अब परंपरागत खेती को छोड़कर आधुनिक तकनीकी और नवाचार की मदद से न केवल कृषि को लाभ का व्यवसाय बना रहे हैं, बल्कि अपनी उपज का देश के विभिन्न महानगरों तक विक्रय कर अच्छा खासा मुनाफा कमा रहे हैं। छिंदवाड़ा जिले के विकासखंड मोहखेड़ के ग्राम भुताई के किसान श्री कैलाश पवार इसका जीता-जागता उदाहरण हैं। उद्यानिकी विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन से उन्होंने अपनी पथरीली जमीन को न सिर्फ उपजाऊ बनाया बल्कि लाखों का मुनाफा भी कमा रहे हैं। परिवर्तन की शुरुआत- कृषक श्री कैलाश पवार, पहले अपने परिवार की लगभग 16 हेक्टेयर जमीन पर कुआं और नलकूप की मदद से पारंपरिक फसलें उगाते थे, जिससे उन्हें वर्ष भर में लगभग 6 लाख रुपए की ही आय अर्जित हो पाती थी। उद्यानिकी विभाग की योजना के तहत वर्ष 2023 - 24 में उन्होंने ड्रिप, मल्चिंग, पोटेटो प्लांटर आदि तकनीकी यंत्रों का लाभ लेकर नवाचार करते हुए वर्ष 2024 - 25 से करीब 2.400 हेक्टेयर भूमि में स्ट्रॉबेरी की खेती शुरू की। स्ट्रॉबेरी की खेती से लाखों का मुनाफा- कृषक श्री कैलाश ने अपनी जमीन के लगभग 2.4 हेक्टेयर (5-6 एकड़) पर स्ट्रॉबेरी की खेती शुरू की। उन्होंने लगभग 1,30,000 पौधे लगाए, जिनकी फसल 70 दिनों के भीतर तैयार हो गई। स्ट्रॉबेरी की तुड़ाई मार्च के अंत तक चलती है और इसकी आपूर्ति जबलपुर, नागपुर, इंदौर और भोपाल जैसे बड़े शहरों में की जाती है। अब प्रतिवर्ष वे स्ट्रॉबेरी की खेती कर रहे हैं, जिसमें उन्हें प्रतिवर्ष 30 लाख रूपये की अनुमानित लागत आ रही है। उत्पादित स्ट्रॉबेरी को कृषक श्री पवार देश के महानगरों तक विक्रय के लिए भेजते हैं, जिससे उन्हें 65 लाख रूपये की आय प्राप्त हो रही है और लागत निकालकर अकेले स्ट्रॉबेरी की खेती से 35 लाख रूपये का शुद्ध मुनाफा कमा रहे हैं। सब्जियों के उत्पादन से भी उन्हें अतिरिक्त लाभ हो रहा है। ₹पथरीली जमीन पर मेहनत की इबारत,खुदा ने भी देखी मेहनतकश की तिजारत।जहां पत्थर उगते थे, वहां अब खिलती बहार है,कैलाश की मेहनत ने लिखी नई कहानी बार-बार है। यह कहानी उन सभी किसानों के लिए प्रेरणा है जो आधुनिक तकनीक और नवाचार से अपनी खेती को लाभदायक बनाना चाहते हैं।

### जल स्त्रोत बढाने के बताये उपाय, चौपाल लगाकर

छिंदवाड़ा। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन मे जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत जल स्त्रोतों का स्तर बढाने के लिए सेक्टर क्रमांक 03 की नवांकुर संस्था अपूर्वा फाऊंडेशन के तत्वावधान मे ग्राम रंगीन खापा मे जन जागरूकता लाने चौपाल लगाकर जल संवर्धन के बताये उपाय एवं बरसाती जल को रोकने ग्रामीणों के साथ श्रमदान कर खंत्ती खुदाई की। अपूर्वा फाऊंडेशन के अध्यक्ष संजय साहू ने बताया की जल ग्रहण मिशन की कल्पना को साकार करने के लिए रंगीन खापा की टेकड़ी को हराभरा करने पहाडियों का भूप्रबंधन लिए ग्रामीणो के साथ मिलकर सी एम सी एल डी पी के छात्रो ने श्रम दान कर ट्रंच कंटूर 6/3 के खोदकर बनाये गये जिससे की बरसात का पानी उन गड्ढों मे भरे ओर भूक्षरण को रोका जा सके जिससे की जल स्तर बना रहे ।इस अवसर पर सेक्टर 3 के परामर्शदाता श्यामल राव ने संवाद करते हुए कहा की जन को सुरक्षित रखना हो तो हमसब मिलकर अधिक से अधिक पोधा रोपण करे जिससे की ग्राम का जल स्तर बढ़ सके ओर पानी की समस्या से निजात पा सके क्योंकि जल ही जीवन हे इसका संवर्धन करना हम सबका दायित्व है । सरपंच संजू गजभिए ने कहा की जुलाई माह मे इस टेकड़ी को हराभरा करने इन खोदे हुए ट्रंच के कंटूर पर पौधरोपण किया जायेगा।

# छिंदवाड़ा की बेटियों के द्वारा इतिहास रचने पर सांसद बंटी विवेक साहू ने किया सम्मान





छिंदवाड़ा

बास्केटबॉल की खिलाडी बेटिया जबलपुर में पहली बार बनीं चौंपियन और नेशनल स्तर पर हुआ चयन छिंदवाड़ा। सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा निर्मित नवीन बास्केटबॉल ग्राउंड की अत्याधुनिक सुविधाओं और जिला बास्केटबॉल संघ के कुशल प्रबंधन ने छिंदवाड़ा के खेल जगत में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया है। छिंदवाड़ा की बेटियों की बास्केटबॉल टीम ने न केवल जबलपुर में आयोजित प्रतियोगिता में फाइनल जीतकर परचम लहराया, बल्कि केंद्रीय विद्यालय वेस्ट जोन रीजनल में पहली बार फाइनल विजेता बनने का ऐतिहासिक गौरव भी हासिल किया है।

छिंदवाड़ा की बेटियों के द्वारा इतिहास रचने पर सांसद बंटी विवेक साहू ने खिलाडी बेटियों का सांसद कार्यालय में सम्मान किया। इस दौरान सांसद श्री साहू ने विजेता खिलाडियों से बात करते हुये उनका उल्सावर्धन किया और खिलाडियों, कोच एवं अन्य लोगों को इस जीत की खुशी में मिठाई भी खिलाई। उल्लेखनीय है कि इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर हमारी बालिकाओं का चयन अब नेशनल स्तर के लिए हुआ है, जो पूरे जिले के लिए अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है। इस पूरी सफलता के मुख्य सूत्रधार जिला बास्केटबॉल संघ के सभी पदाधिकारियों रहे हैं। उनकी विशेष सक्रियता, कुशल प्रबंधन और खिलाड़ियों को दी गई उच्च स्तरीय सुविधाओं ने ही इन बेटियों को नेशनल स्तर तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अपने बेहतरीन खेल से सबका दिल जीतने वाली चौंपियन बेटियां में तनुष्का साहू, नताशा गुप्ता, काव्या किंकर, प्रज्ञा साहू, पूर्वी पाथे, हंसिका सोनी, जोएल कोचे और माही परतेती शामिल है। सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा बास्केटबॉल के नवीन ग्राउंड के निर्माण और खिलाड़ियों को निरंतर प्रोत्साहित करने के लिए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया है। जिला बास्केटबॉल संघ छिंदवाड़ा के सचिव अंकित सोलंकी के द्वारा खिलाड़ियों को तराशने, बेहतर समन्वय और नेशनल स्तर तक की राह आसान करने में आपकी विशेष भूमिका निभाई। संघ के अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने अपना सफल नेतृत्व और कुशल मार्गदर्शन प्रदान किया। टीम के कोच नीरज शर्मा एवं आशीष चौहान ने आपकी कड़ी मेहनत और सटीक रणनीति ने टीम को विजेता बनाया। जिले के वरिष्ठ मार्गदर्शक सचिन तिवारी, नंदकिशोर मुखलगाये, मुकुल तिवारी एवं साइमा सरदेशमुख सहित समस्त सीनियर खिलाड़ियों ने पुरी टीम को इस बड़ी जीत पर आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी हैं। केंद्रीय विद्यालय के कोच नईम खान एवं प्राचार्य ने वेस्ट जोन रीजनल में मिली पहली ऐतिहासिक जीत और नेशनल चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए टीम को बधाई दी है। इस जीत में वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष साहू, सह-सचिव चंचलेश डेहरिया, कोषाध्यक्ष अशोक साहू, वैभव शर्मा, सह-कोषाध्यक्ष वरुण धारपुरे, अनुज मल्होत्रा एवं मीडिया प्रभारी विनय खरे का भरपूर सहयोग रहा।

### कतिया समाज कल्याण संस्था ने किया सांसद बंटी विवेक साहू का अभिनंदन

छिन्दवाड़ा। कतिया समाज कल्याण संस्था छिन्दवाड़ा के पदाधिकारियों ने रविवार को सांसद कार्यालय पहुंचकर सांसद बंटी विवेक साहू का शॉल श्रीफल व विशाल पुष्प माला से हार्दिक अभिनंदन किया। इस दौरान समाज के लोगों ने सांसद श्री साहू से भवन निर्माण में सहयोग के लिए निवेदन किया। जिस पर सांसद बंटी विवेक साहू ने हर संभव सहयोग का आश्वासन सामाजिक बंधुओं को दिया है। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों ने सांसद श्री साहू को समाज द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों और उपलब्धियों से अवगत कराया। जिसकी सराहना करते हुए सांसद श्री साहू ने कतिया समाज की एकता व अखंडता की सराहना की और समाज की एकता को इसी तरह बनाए रखने के लिए कहा। इस अवसर पर कतिया समाज कल्याण संस्था के अध्यक्ष महेन्द्र नागवंशी, उपाध्यक्ष गुरूदयाल बेलवंशी, संयोजक श्रीपत नायक, समन्वयक ओमकार मेंहगिंया, सचिव मोहन बेलवंशी, मंडल अध्यक्ष राकेश बेलवंशी, कोषाध्यक्ष मिश्रा चंद्रपूरी, सहकोषाध्यक्ष हरचंद चंद्रपुरी, बी.एल. बेलवंशी, दिनेश राकेशिया, नंदकिशोर बेलवंशी, सुंदर नागवंशी, रामप्रसाद सिगोतिया, कमलेश बेलवंशी, उमेश कुमार गोहिया, रविशंकर बेलवंशी, संजय जावरे, अनिल सिंगोतिया, रघुवीर नायक, सोनू जावरे, रंजीत जावरे, चुन्नीलाल आरसे, गणेश महेलवंशी, दिनेश डोंगरे, जीवनलाल बागरे, सुदेश नागवंशी, डॉ. संतोष नाग, डॉ. धर्मानंद बेलवंशी, नर्मदाप्रसाद चिचलवार सहित अन्य सामाजिकबंधु उपस्थित थे।



### जुन्नारदेव पुलिस की बड़ी सफलता 15 साल पहले अगवा हुई नाबालिग दस्तयाब

**जुन्नारदेव।** -जुन्नारदेव पुलिस ने 'मुस्कान अभियान' के तहत एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए वर्ष 2011 से लापता एक नाबालिग बालिका को ढूंढ निकालने में सफलता प्राप्त की है। इस मामले में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है, जहाँ गांव की ही एक आशा कार्यकर्ता ने किशोरी को नौकरी का झांसा देकर 2 लाख रुपये में बेच दिया था। 15 साल बाद अपनी बेटी को सुरक्षित देख परिजनों की आँखों में खुशी के आँसू छलक पड़े।क्या है पूरा मामला----सितंबर 2011 में ग्राम मानकादेही निवासी श्रीमती भुजलवती कवरेती ने अपनी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी के गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वर्ष 2013 में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। लंबे समय तक सुराग न मिलने पर पुलिस महानिदेशक और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर इस संवेदनशील मामले (मानव दुर्व्यापार) की जांच **SDOP** जुन्नारदेव श्री सुनील वरकड़े द्वारा स्वयं की गई।साजिश का पर्दाफाश----नौकरी के बहाने दतिया में बेचा पुलिस टीम ने सघन तलाश के बाद 30 अप्रैल 2026 को अपहृता को जुन्नारदेव से दस्तयाब किया। पीड़िता ने पूछताछ में जो आपबीती सुनाई, वह रोंगटे खड़े कर देने वाली थी। पीड़िता ने बताया कि जब वह 10वीं कक्षा में पढ़ती थी, तब गांव की आशा कार्यकर्ता रेखा मरकाम ने उसे नौकरी दिलाने का लालच दिया और भोपाल ले जाने के बहाने उसे दतिया जिले के ग्राम बिंडवा बड़काछाई ले गई। वहां रेखा मरकाम ने उसे माताप्रसाद कुशवाह नामक व्यक्ति को 2,00,000 रुपये में बेच दिया। **यातनाओं का दौर और संघर्ष**-आरोपी माताप्रसाद कुशवाह ने पीड़िता को बंधक बनाकर रखा और उसके साथ लगातार दुष्कर्म किया। इस दौरान पीड़िता गर्भवती हुई और उसके दो बच्चे हुए। वर्ष 2018 में आरोपी माताप्रसाद की मृत्यु हो गई, जिसके बाद पीड़िता अपने दोनों बच्चों के पालन-पोषण के लिए गुजरात चली गई और वहां मजदूरी करने लगी।

## लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का जिला स्तरीय आयोजन संपन्न, बालिका सशक्तिकरण का सशक्त संदेश: शिक्षा, आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति बालिकाओं को किया प्रेरित

पांढुर्णा



महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला पांढुर्णा द्वारा शासन की महत्वाकांक्षी लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत "लाड़ली लक्ष्मी उत्सव" का जिला स्तरीय आयोजन जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास, पांढुर्णा में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के सर्वांगीण विकास, शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के साथ-साथ समाज में बालिका सशक्तिकरण के प्रति व्यापक जनजागरूकता स्थापित करना रहा।कार्यक्रम में पांढुर्णा परियोजना की समस्त पर्यवेक्षकगण एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। उपस्थित अधिकारियों द्वारा बालिकाओं को शिक्षा के महत्व, आत्मविश्वास एवं स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, उन्हें समाज में अपनी सशक्त भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई।इस अवसर पर लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत पात्र बालिकाओं को योजना के लाभों से अवगत कराया गया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गईं, जिससे आयोजन में उत्साह एवं ऊर्जा का संचार हुआ।कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए वृक्षारोपण गतिविधि भी आयोजित की गई, जिसमें लाड़ली बालिकाओं द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया गया।उक्त आयोजन के माध्यम से बालिका शिक्षा, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति समाज को जागरूक करने का प्रभावी संदेश दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता एवं प्रोत्साहनात्मक कार्यक्रमों के आयोजन किए जाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

# गुजरात सरकार के खिलाफ राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने दर्ज किया प्रकरण

छिंदवाड़ा



सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू के प्रार्थना पत्र पर राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग नई दिल्ली ने गुजरात सरकार के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया है । जिसका क्रमांक 49584/CR /2026 है । मामला है संत श्री आशारामजी आश्रम मोटेरा अहमदाबाद आश्रम की जमीन का । श्री साहू ने प्रार्थना पत्र में बताया कि गुजरात प्रशासन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के कानूनों की जानबूझकर अवहेलना की है । जिसमें करोड़ों करोड़ों लोगों की आस्था का हनन हो रहा है । उक्त आश्रम की पूरे विश्व में एक आध्यात्मिक पहचान है । एक षड्यंत्र के तहत अहमदाबाद महानगरपालिका आश्रम की जमीन खाली करवाने हेतु बार - बार असंवैधानिक तरीके से नोटिस जारी कर रहा है । आश्रम प्रबंधन के पास उक्त जमीन के सभी वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध हैं। सन 1980 से लेकर सन 1999 तक गुजरात सरकार ने निश्चित शुल्क पर 4 बार जमीन आवंटित की है । स्थानीय प्रशासन ने इस सम्बंध में अनेको बार जांच पड़ताल कर उक्त जमीन का जनहित के सेवा कार्य सम्पादित हो रहे प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया है । इन प्रतिवेदनों से स्पष्ट है कि लीज के नियमों का विधि अनुरूप पालन किया गया है । यदि जमीन की लीज का विधिअनुरूप पालन नहीं होता तो सन 1980 से लेकर 1999 तक चार बार सरकार जमीन आबंटित करती ही नही । इस आश्रम से देश के 450 आश्रम , 18 हजार बाल संस्कार केंद्र , सैकड़ों गुरुकुल , देश में 14 फरवरी को 74 करोड़ माता - पिता का पूजन , पर्यावरण संरक्षण के लिए 4 करोड़ स्थानों पर तुलसी पूजन , देश भर के आदिवासी क्षेत्रों में करोड़ों करोड़ों लोगो को जीवन उपयोगी सामग्री भेंट कर आम जन मानस को सनातन संस्कृति के महत्व से अवगत कराना आदि सेवाकार्य संचालित हो रहें हैं । इसी वजह है षड्यंत्र कारी लोग प्रशासन का दुरुपयोग कर आश्रम प्रबंधक और सत्तारूढ़ सरकार को आपस में भिड़वा रहे हैं । सत्ता रूढ़ सरकार की छवि खराब करने के उद्देश्य से यह कार्य किया जा रहा है । क्योंकि देश भर में सतारूढ़ सरकार के अधिकतर जनप्रतिनिधि इन सेवा कार्यों में सहयोग करतें हैं । राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने इन बातों को गम्भीरता से लेते हुए गुजरात सरकार के प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर नोटिस जारी करने की तैयारी की है ।

## भाजपा सरकार में लापरवाही से हो रहे हादसे अब स्थाई रूप ले चुके: नकुलनाथ

छिंदवाड़ा

बरगी डैम क्रूज हादसा इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है, इसके पहले भी हुए कई हादसे जिन्हें जनता भूली नहींजिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने बरगी डैम क्रूज हादसे पर सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा सरकार और सरकारी सिस्टम की लापरवाही हादसों को जन्म दे रही है। इसके लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सरकार जिम्मेदार है। विगत कुछ माह में घटित हुई गम्भीर व जानलेवा दुर्घटनाओं पर नजर डालें तो साफ नजर आता है कि सरकारी लापरवाही के कारण ही बेकसूर लोगों की जानें गई है। हाल ही में जबलपुर के बरगी डैम क्रूज के डूबने से 13 लोगों की मौत को सामान्य हादसा नहीं कहा जा सकता, यह सीधे तौर पर सरकारी लापरवाही है और सबसे बड़ी लापरवाह सरकार है जिसने अभी तक यह तय नहीं किया कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है? सरकार तो है ही, इसके अलावा मौसम की स्थिति को जानते हुए भी क्रूज को डैम में जाने की अनुमति दी।नकुलनाथ ने जारी बयान में आगे कहा कि आम जनता की सुरक्षा को लेकर सरकार की सजगता शून्य है। झूठी घोषणाओं और वादों में डूबी हुई सरकार में जनता की जिदंगी मौत में डूब रही। सीएम की सभा में भीड़ बढ़ाने के लिए दबाव बनाकर जनता को आयोजन स्थल तक लाना और फिर उसी बस का भीषण दुर्घटनाग्रस्त होने से 10 जिंदगियां छीन ली गई।इसके पहले जहरीले कफ सिरफ से 10 मासूम बच्चों की मौत को जनता भुला नहीं पाई है और जबलपुर के हादसे ने देश को झकझोर दिया है। धार जिले में हुए भीषण सड़क हादसे में 16 लोगों की मौत लोगों के दिलो दीमाग पर असर छोड़ चुकी है। सत्ता की मद में चूर इस सरकार में से मेरा सीधा प्रश्न है कि उसका सिस्टम क्या इतना खोखला और निर्दयी हो चुका है कि लोगों की जानें जा रही है और उन्हें कोई होश नहीं है?उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जब मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया था, तब क्रूज़ संचालन की अनुमति किसने और क्यों दी ? जब एनजीटी और सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्देश हैं कि डीजल से चलने वाले क्रूज़ नदी एवं डैम में संचालित नहीं किए जाएं, तो फिर नियमों की खुली अनदेखी आखिर किसके संरक्षण में हो रही थी? और इसकी जवाबदेही किसी की है ? यह भी तय होना चाहिए साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि एनजीटी व सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन हो। उन्होंने पूछा कि बिना लाइफ जैकेट के यात्रियों को क्रूज़ पर चढ़ने कैसे दिया गया? और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी किस विभाग की थी? क्या जबलपुर प्रशासन विभागीय मंत्री अपनी जिम्मेदारी से बच सकते हैं?सरकार में कार्रवाई केवल छोटे कर्मचारियों और मजदूरों तक सीमित ना रहें, लापरवाही में जिम्मेदार सभी पर स्पष्ट व ठोस कार्रवाई होनी चाहिए। शासकीय योजनाओं से सहायता राशि देकर हादसों पर वाहवाही लूटने वाली इस सरकार को समझना होगा कि आम जनता की जिंदगी की कीमत नहीं लगाई जा सकती।

## खबर संक्षेप

### एक वर्षीय डिप्लोमा परीक्षा सम्पन्न सेवानिवृत शिक्षिका ने बहू, बेटी, दामाद के साथ दी परीक्षा

जुन्नारदेव-;"सीखने की कोई उम्र नहीं होती"इस कहावत को साकार करते हुए एक सेवानिवृत्त शिक्षिका ने अपने परिवार के साथ परीक्षा देकर क्षेत्र में प्रेरणादायक संदेश दिया।भारत सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित कौमी काउंसिल बराए फरोग-ए-उर्दू जुबान (NCPUL) की वार्षिक उर्दू डिप्लोमा परीक्षा 03 मई को मदरसा मोहम्मदिया जुन्नारदेव में शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। परीक्षा में क्षेत्र के 25 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।इस दौरान परासिया निवासी सेवानिवृत्त शिक्षिका श्रीमती सईदा खान विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।जिन्होंने अपनी बहन की बहू श्रीमती शमिमा अंसारी, बेटी तबस्सुम निशा और दामाद आशिम खान के साथ परीक्षा में शामिल होकर एक अनूठी मिसाल पेश की। एक ही परिवार के चार सदस्यों का एक साथ परीक्षा देना केंद्र में चर्चा का विषय बना रहा। उपरोक्त जानकारी परीक्षा केंद्र प्रभारी मोहम्मद ताहिर ने दिया और बताया कि उर्दू डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आयु ,जाति,या औपचारिक शिक्षा की कोई बाध्यता नहीं है। जिससे हर वर्ग और उम्र के लोग इसमें भाग लेकर अपनी शैक्षणिक रुचि को आगे बढ़ा सकते हैं। यही कारण है कि इस परीक्षा में हर वर्ष महिलाएं, पुरुष एवं युवा वर्ग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।यह पहल न केवल शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का माध्यम बन रही है, बल्कि समाज में आजीवन सीखने की प्रेरणा भी दे रही है। इस परीक्षा के फार्म जनवरी फरवरी में भरें जाते है।

### प्रकाशचंद्र बने पांढुर्णा जिले के पुलिस कप्तान

पांढुर्णा। म.प्र. शासन द्वारा 61 पुलिस अधिकारियों की स्थानांतरण सूची के अनुसार प्रकाशचंद्र परिहार को पांढुर्णा जिला पुलिस कप्तान की जिम्मेदारी प्रदान की गई है। निर्वतमान पुलिस अधिक्षक सुंदर सिंह कनेश को एस.पी. रेलवे के रूप में जबलपुर स्थानांतरित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नवपदस्थ एस.पी. प्रकाशचंद्र इंदौर पुलिस मुख्यालय में डी.सी.पी. के पद पर पदस्थ थे।

# रामपेठ दवामी में भीषण अग्निकांड, एसडीएम विधायक जिला भाजपा अध्यक्ष ने लिया जायजा, पीड़ित परिवारों ने को दिया जीवन जीने का साधन

विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम रामपेठ दमामी टोले में बीती शाम शॉर्ट सर्किट के कारण एक हृदयविदारक आगजनी की घटना घटित हुई। इस भीषण त्रासदी में ग्रामीणों के 8 कोठे जानवर ओर मकान पूरी तरह जलकर खाक हो गए। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि घरों में रखा सामान बचाने का अवसर भी नहीं मिला, जिससे क्षेत्र में भारी आर्थिक क्षति हुई है।

सौंसर

रविवार को विधायक विजय चौरे, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़, भाजपा युवा नेता राहुल मोहड़ प्रभारी एसडीएम प्रियंक मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर अग्निकांड की जानकारी ली और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की।इस आगजनी में न केवल संपत्ति का नुकसान हुआ, बल्कि कई बेजुबान पशुओं की भी जलकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद से पूरे गांव में शोक और सन्नाटे का माहौल है। पीड़ित परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है, क्योंकि उनकी जीवनभर की पूंजी और आजीविका के साधन इस आग की भेंट चढ़ गए। भाजपा कांग्रेस के नेताओं के प्रभारी एसडीएम प्रियंक मिश्रा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्राम रामपेठ दवामी का दौरा किया। अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ जल चुके मकानों और कोठों का बारीकी से निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। एसडीएम और अधिकारियों ने प्रभावित परिवारों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा कर निर्देश दिए गए कि आरबीसी के प्रावधानों के तहत पीड़ितों को जल्द से जल्द और अधिकतम संभव आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए।ग्रामीणों से चर्चा करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ ने कहा कि संकट की इस घड़ी में सरकार और विभाग पूरी तरह उनके साथ हैं और राहत राशि वितरण की प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी। वही विधायक चौरे ने भी आगजनी से पीड़ित हुए किसानों के जल से जल प्रकरण बनाकर अधिक से अधिक मुआवजे की राशि उपलब्ध कराने की बात कही है।आर्थिक और मानसिक क्षति से जूझ रहे ग्रामीण.....इस त्रासदी ने ग्रामीणों को न केवल आर्थिक रूप से तोड़ा है, बल्कि मूक पशुओं की मौत ने उन्हें मानसिक आघात भी पहुँचाया है। ग्रामीणों का कहना है कि आग इतनी तेजी से फैली कि जब तक कुछ समझ आता, सब कुछ जलकर स्वाहा हो चुका था। फिलहाल ग्रामीणों को अब सरकारी सहायता का इंतजार है ताकि वे अपने जीवन को पुनः व्यवस्थित कर सकें।

# मध्यप्रदेश अंडर-20 फुटबॉल टीम में मंडला के चार खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज मण्डला



*मध्यप्रदेश अंडर-20 फुटबॉल टीम में मंडला के चार खिलाड़ियों का चयन* मंडला जिले की फुटबॉल प्रतिभा ने एक बार फिर प्रदेश स्तर पर अपनी मजबूत पहचान दर्ज कराई है। मध्यप्रदेश फुटबॉल संघ द्वारा इंदौर में आयोजित अंतर जिला अंडर-20 फुटबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के बाद मंडला डी.एफ.ए. के चार प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन मध्यप्रदेश अंडर-20 फुटबॉल टीम में हुआ है। इस उपलब्धि ने पूरे जिले को गौरवान्वित किया है, वहीं इस सफलता के पीछे फुटबॉल खिलाड़ियों की मेहनत, मार्गदर्शन और समर्पण की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। 11 अप्रैल से 19 अप्रैल तक इंदौर में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में मंडला डी.एफ.ए. की टीम ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए उपविजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। पूरे टूर्नामेंट में मंडला के खिलाड़ियों ने अनुशासन, सामंजस्य और आक्रामक खेल शैली का शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों का खेल के प्रति समर्पित दृष्टिकोण का बड़ा योगदान रहा। जिला फुटबॉल संघ के सचिव एवं फुटबॉल प्रशिक्षक पंकज उसराठे ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 26 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर (नेशनल कैंप) के लिए किया गया था। इस शिविर में मंडला डी.एफ.ए. के सात खिलाड़ियों ने स्थान बनाया, जो अपने आप में जिले के लिए बड़ी उपलब्धि रही। 20 अप्रैल से 30 अप्रैल तक इंदौर में आयोजित इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों ने अपनी तकनीकी क्षमता, फिटनेस और खेल कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। शिविर के समापन के बाद मध्यप्रदेश अंडर-20 टीम के लिए 18 खिलाड़ियों की अंतिम सूची घोषित की गई, जिसमें मंडला जिले के चार होनहार खिलाड़ी अशोक उइके, डेनिश भावेदी, अजीत कुमार और नागेश्वर धुर्वे ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और शानदार प्रदर्शन के दम पर प्रदेश टीम में स्थान बनाया। इन खिलाड़ियों की इस उपलब्धि मैं वर्षों की परिश्रम, अनुशासित प्रशिक्षण और खिलाड़ियों को निरंतर आगे बढ़ाने की सोच स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। अब ये चारों खिलाड़ी 3 मई से 15 मई तक छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय अंडर-20 फुटबॉल प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रीय मंच पर मंडला के खिलाड़ियों की यह उपस्थिति न केवल जिले के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह दर्शाती है कि सही मार्गदर्शन और समर्पित प्रशिक्षण से छोटे जिलों की प्रतिभाएं भी बड़े मंच तक पहुंच सकती हैं।

### सौसर न्यायालय के पास एक्टिवा में लगी भीषण आग....धू-धू कर जलकर राख हुई एक्टिवा गाड़ी



सौंसर। शहर में भीषण गर्मी का प्रकोप अब वाहनों पर भी भारी पड़ने लगा है। रविवार को सौसर न्यायालय के समीप एक चलती एक्टिवा में अचानक आग लग जाने से अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और गाड़ी पूरी तरह जलकर खाक हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, सौसर निवासी राजेश किशनपाल अपनी एक्टिवा (क्रमांक एमपी 28 एसआर 7153 लेकर निकले थे। राजेश ने बताया कि वे गाड़ी में हवा भरवाने के उद्देश्य से आए थे, तभी अचानक गाड़ी के इंजन वाले हिस्से से लपटें उठने लगीं। जब तक कुछ समझ पाते, आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया।घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, गाड़ी में आग लगने का मुख्य कारण अत्यधिक गर्मी और वायरिंग में हुआ शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। आग लगते ही आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े और कड़ी मशक्कत के बाद पानी डालकर आग पर काबू पाया गया। हालांकि, तब तक गाड़ी का अधिकांश हिस्सा जलकर कबाड़ में तब्दील हो चुका था। गाड़ी मालिक ने बताया की गाड़ी में हवा भरवाने आया था, लेकिन अचानक आग लग गई। सब कुछ इतनी जल्दी हुआ कि गाड़ी को बचा पाना मुश्किल हो गया।

# आज घरों पर गिरा विशालकाय पेड़

छिंदवाड़ा





आंधी-तूफान का कहर, मकानों पर गिरा विशालकाय पेड़; 4 मकानों को छत हुई क्षतिग्रस्तफ़ोटोसौसर...रविवार शाम को अचानक आए तेज आंधी-तूफान ने सौंसर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई है। प्राकृतिक प्रकोप के चलते नगर के वार्ड क्रमांक 11 में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और पोस्ट ऑफिस के पास स्थित मकानों पर एक विशालकाय मीठी इमली का पेड़ गिर गया। इस हादसे में 5 मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिससे पीड़ित परिवारों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। पेड़ गिरने की यह घटना इतनी भयानक थी कि 3 परिवारों के किचन पूरी तरह दब गए, जिससे अंदर रखी खाद्य सामग्री और बर्तन नष्ट हो गए। प्रभावित परिवारों ने बताया कि पेड़ के वजन से घरों की छतें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं। गनीमत रही कि हादसे के वक्त लोग समय रहते सुरक्षित स्थान पर हट गए, अन्यथा बड़ी जनहानि हो सकती थी। पीड़ित परिवारों का आरोप है कि घटना की तत्काल सूचना सौंसर नगर पालिका ओर सौसर प्रशासन को दी गई थी, लेकिन घंटों बीत जाने के बाद भी पेड़ हटाने के लिए कोई ठोस कार्रवाई शुरू नहीं की गई है।घरों की छतों पर अब भी विशालकाय पेड़ का हिस्सा टिका हुआ है, जिससे मकानों के ढहने और जान-माल की हानि का खतरा लगातार बना हुआ है। क्षतिग्रस्त मकानों में रहने वाले परिवार दहशत के साये में रात गुजारने को मजबूर हैं।पीड़ित परिवारों ने नपा और सौंसर प्रशासन से हाथ जोड़कर मांग की है कि जल्द से जल्द इस विशालकाय पेड़ को हटवाया जाए और स्थिति को सामान्य बनाया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन ने जल्द व्यवस्था नहीं की, तो कोई भी बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है।

# सड़क पर वाहन खड़ा करने के विवाद में बवाल, पुलिस के सामने धमकियां- एसपी से की शिकायत



### सुनारककोडी गांव में गाली-गलौच का मामला गरमाया, 112 पुलिस कर्मियो के साथ भी अभद्रता का आरोप

हरिभूमि न्यूज लांजी। जिले के लांजी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुनारककोडी में सड़क किनारे वाहन खड़ा करने को लेकर शुरू हुआ विवाद अब तूल पकड़ चुका है। आरोप है कि विवाद के दौरान गाली-गलौच और जान से मारने की धमकियां दी गईं, वहीं मौके पर पहुंचे 112 डायल पुलिस कर्मियों के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया। मामले को लेकर पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक से लिखित शिकायत कर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 29 अप्रैल 2026 की रात करीब 8:30 बजे संजीव वाघाडे अपने घर पर थे। इसी दौरान गांव के ही शोभाराम सोनवाने पिता खेमराज उनके घर के सामने पहुंचकर कथित रूप से गाली-गलौच करने लगा। विरोध करने पर शोभाराम और बालकिशन सोनवाने ने मिलकर अपशब्द कहे और वाहन सड़क पर खड़ा करने को लेकर जान से मारने की धमकी दी। घटना के दौरान ओमप्रकाश बडघैया, बिसन वाघाडे और लोकचंद वाघाडे ने बीच-बचाव कर स्थिति को शांत कराया।

बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान 112 डायल पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपियों ने पुलिस कर्मियों के साथ भी कथित रूप से गाली-गलौच की और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की। साथ ही एक अज्ञात व्यक्ति के माध्यम से पुलिस कर्मी की वर्दी उतरवाने की धमकी दिए जाने का आरोप भी है, जिसका वीडियो रिकॉर्ड होने की बात सामने आई है। इस संबंध में लांजी थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 296(बी), 351(3) एवं 3(5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। हालांकि, पीड़ित का आरोप है कि पुलिस कर्मियों के साथ हुई अभद्रता और शासकीय कार्य में बाधा के मामले में अब तक पर्याप्त कार्रवाई नहीं हुई है। इसी के चलते पीड़ित ने रविवार को पुलिस अधीक्षक को शिकायत सौंपते हुए पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच, आरोपियों पर सख्त कार्रवाई और अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

# मॉयल में अनुकम्पा नियुक्ति पुनः शुरू हो, लंबित प्रकरणों


हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ने केन्द्रीय इस्पात मंत्री को पत्र लिखकर (मॉयल) में अनुकम्पा नियुक्ति प्रक्रिया को पुनः प्रारंभ करने तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि 1 जनवरी 2026 से अनुकम्पा नियुक्ति बंद किए जाने के कारण सैकड़ों प्रभावित परिवारों के सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

विधायक भगत ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि कंपनी द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति बंद कर केवल 30 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देना पर्याप्त नहीं है। यह निर्णय कर्मचारी हितों के खिलाफ है और इससे श्रमिक परिवारों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि अनुकम्पा नियुक्ति लंबे समय से ऐसी परिस्थितियों में परिवारों के लिए एक भरोसेमंद सहारा रही है, जब परिवार का मुखिया असमय निधन हो जाता है।

पत्र में उन्होंने 27 जून 2020 को दिवंगत हुए श्रमिक उमेश रामलाल सहित अन्य लंबित मामलों का विशेष उल्लेख करते हुए बताया कि कई प्रकरण आज तक लंबित हैं। उन्होंने यह भी बताया कि संबंधित मृतक श्रमिकों के पीएफ और अन्य देय भुगतान भी समय पर नहीं मिल पाए हैं, जिससे परिवारों की परेशानियां और बढ़ गई हैं।

विधायक भगत ने हाल ही में बीमारी के चलते दिवंगत हुए श्रमिक विनोद श्रीवास के परिवार का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में भी अनुकम्पा नियुक्ति दी जानी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल घातक दुर्घटनाओं (फेटल



एक्सीडेंट) के मामलों तक अनुकम्पा नियुक्ति सीमित करना न्यायसंगत नहीं है, क्योंकि कंपनी में प्रतिवर्ष कई कर्मचारी विभिन्न कारणों से मृत्यु को प्राप्त होते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र के टवेझरी, मंझारा, जागपुर जैसे ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग मॉयल में कार्यरत हैं और अनुकम्पा नियुक्ति बंद होने से इन क्षेत्रों के परिवारों पर सीधा असर पड़ा है। उन्होंने मॉयल प्रबंधन द्वारा केन्द्र सरकार का हवाला देकर इस प्रक्रिया को बंद करने को मानवीय दृष्टिकोण से अनुचित बताया।

विधायक भगत ने केन्द्रीय इस्पात मंत्री से मांग की है कि अनुकम्पा नियुक्ति प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से पुनः शुरू किया जाए तथा पात्र श्रमिकों के परिवार के एक सदस्य को रोजगार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि कई परिवार ऐसे हैं, जिनके सामने आज दो वक्त की रोटी का संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में यह आवश्यक है कि सरकार और कंपनी दोनों मानवीय संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए जल्द निर्णय लें।

उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार इस गंभीर मुद्दे पर संवेदनशीलता दिखाते हुए श्रमिक परिवारों के हित में सकारात्मक कदम उठाएगी।

### 8 केन्द्रों पर हुई नीट परीक्षा, 2930 परीक्षार्थी हुए शामिल

बालाघाट। बालाघाट जिले में 03 मई 2026 को NEET (नीट) प्रवेश परीक्षा का आयोजन 08 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई। इस परीक्षा में कुल 3028 में से 2930 परीक्षार्थी शामिल हुए। संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि सीएम राइज सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में 600 में से 577, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बूढ़ी में 220 में से 209, कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में 240 में से 239, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई (एमएलबी) उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 480 में से 465, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में 240 में से 236, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में 480 में से 458, पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय भरवेली में 288 में से 274 तथा जटाशंकर त्रिवेदी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 480 में से 472 परीक्षार्थी शामिल हुए।

### भरवेली में 3 दिवसीय पीर बाबा चिश्ती का उर्स 5 से 7 मई तक, 7 मई को सईद फरीद निजामी की शानदार कव्वाली

बालाघाट। जिला मुख्यालय से लगभग पांच किलोमीटर दूर स्थित मॉयल नगरी भरवेली में हजरत सैयद पीर बाबा चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह का 44वां उर्स इस वर्ष भी पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ 5 से 7 मई तक आयोजित किया जा रहा है। यह उर्स न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द, एकता और भाईचारे का प्रतीक भी माना जाता है। उर्स के प्रथम दिन 5 मई, मंगलवार को फजर की नमाज के बाद गुसल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। इसके पश्चात शाम के समय दरबार परिसर में कुरानखानी एवं मिलाद शरीफ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल होंगे और बाबा की शान में नात व तकरीर पेश की जाएगी।

## जोखिमपूर्ण कार्य में सक्रियता, मैदान में उतरे विद्युत अधिकारी, कर्मचारी

# आंधी-तूफान से निर्मित स्थिति पर विद्युत विभाग ने दिखाई तत्परता

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मौसम में आये अचानक बदलाव से बालाघाट शहर में 2 मई को प्रकृति का विनाशकारी रूप देखने को मिला जिसका अनुमान किसी को नहीं था। दोपहर में अचानक ही भयंकर आंधी-तूफान से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। विशालकाय पेड़ जड़ के साथ उखड़कर जमींदोज हो गये। विद्युत तारों पर पेड़ गिरने की वजह से बिजली आपूर्ति बाधित हुई। जोखिमपूर्ण परिस्थिति में विद्युत विभाग बालाघाट के द्वारा सक्रियता दिखाते हुए तत्परता से आपातकालीन सेवाओं, विद्युत उपभोक्ताओं को दुरुस्त कर राहत पहुंचाने का काम किया गया। मैदानी अमला दोपहर से देर रात तक कार्य करता रहा जिसका परिणाम रहा कि युद्धस्तर पर काम करते हुए विद्युत आपूर्ति बहाल करने में उत्कृष्ट सफलता हासिल की।

**विद्युत आपूर्ति बहाली के लिये जुटी रही टीमें** :बालाघाट में तेज आंधी-तूफान ने भयंकर तबाही मचाई, हवा की गति ऐसी थी कि विशालकाय पेड़ भी इसके आगे टिक नहीं पाये और शहर में लगभग 100 से ज्यादा पेड़ धराशायी हो गये। इस आंधी का सर्वाधिक असर विद्युत पोल और तारों के टूटने को लेकर हुआ, कुछ विद्युत पोल झुक गए और तार टूटकर रास्तों पर फैल गए। इसके चलते ब्लैकआउट की स्थिति निर्मित हो गई थी। विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर आपातकालीन सेवाएं भी ठप हो गई थी, बिजली विभाग के लिये जोखिमपूर्ण था कि वे सबसे पहले विभिन्न इलाकों की विद्युत व्यवस्था को बहाल करें।



कार्यपालन अभियंता श्री रवि कुमरे ने जानकारी देते हुए बताया कि तेज आंधी-तूफान के कारण 33/11 केवी लाइन के लगभग एक दर्जन पोल क्षतिग्रस्त हो गए और लाइनें प्रभावित हुई हैं, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विद्युत विभाग ने तुरंत आपातकालीन व्यवस्था लागू करते हुए टीमों को मैदान में उतार दिया। विभाग के अधिकारी स्वयं मॉनिटरिंग करते रहे और अलग-अलग टीमें आपूर्ति बहाली एवं राहत कार्य में जुटी रही।

**जोखिमपूर्ण परिस्थिति में विद्युत अधिकारियों ने संभाला मोर्चा** : मुख्य अभियंता जबलपुर क्षेत्र एके गिरिया निर्देशन एवं सतत मार्गदर्शन में तथा अधीक्षण अभियंता बालाघाट अमित कुमार के नेतृत्व में, कार्यपालन अभियंता बालाघाट रवि कुमार कुम्हरे के कुशल प्रबंधन, कार्यपालन अभियंता एसटीसी/एसटीएम चंद्रहास चंद्राकर द्वारा मोर्चा संभालते हुए हर जोखिमपूर्ण परिस्थिति में प्रभावी रूप से कार्य किया गया। नतीजा रहा कि आंधी-तूफान से मची इतनी बड़ी तबाही पर भी अल्प समय में परिस्थिति को काबू में करते हुए विद्युत आपूर्ति बहाल करने के लिये युद्धस्तर पर कार्य करते हुए पूरी ताकत झोंक दी गई। नगरवासियों को ज्यादा समय तक विद्युत व्यवस्था बाधित होने का नुकसान ना उठाना पड़े इसलिए जल्द राहत हेतु कार्य करते हुए विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई।



**आंधी का रहा व्यापक असर, विभाग की तत्परता** :खास बात रही कि अधिकारियों ने इस परिस्थिति पर निगरानी बनाये रखी और फील्ड कर्मचारियों को उचित मार्गदर्शन दिया, दोपहर से लेकर देर रात तक बिना रुके कार्य कर आपूर्ति बहाली सुनिश्चित की। स्थानीय प्रशासन का भी इस कार्य में भरपूर सहयोग मिला। विद्युत अधिकारियों ने सुनिश्चित किया कि संवेदनशील क्षेत्रों जैसे अस्पताल, जल आपूर्ति केंद्रों और प्रमुख संस्थानों में प्राथमिकता से बिजली बहाल की जाये, इसके साथ ही नगरवासियों को भी जल्द ही राहत मिले इसलिए कार्य में तेजी लाई गई। जोखिमपूर्ण हालात के बीच विद्युत विभाग ने सक्रियता और समर्पण के साथ कार्य करते हुए स्थिति को जल्द ही नियंत्रित कर राहत दी जो एक उत्कृष्ट उदाहरण रहा। इस गंभीर परिस्थिति में असुविधा और धैर्य दिखाये जाने के साथ ही विभाग को सहयोग किये जाने पर विद्युत अधिकारियों ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## खबर संक्षेप

### कन्या महाविद्यालय में स्वास्थ्य शिविर एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में रेडकास स्थापना दिवस 08 मई 2026 विश्व रेडकास दिवस को सेवा कार्य के रूप में मनायां जावेगा। वर्तमान में (दिनांक 02 मई 2026 से 08 मई 2026 तक रेडकास स्थापना सप्ताह सेवा कार्य के रूप में मनायां जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षिका प्रो. कल्पना इंगले के संरक्षण एवं महाविद्यालय के रेडकास सोसाइटी के प्रभारी प्रो. रामदीन भलावी के नेतृत्व व डॉ. राशिद खान के सहयोग से महाविद्यालय में स्वास्थ्य शिविर एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह केम्प न्यू पहल एजूकेशन एण्ड वेलफेयर फाउण्डेशन सोसाइटी द्वारा सयुक्त रूप से आयोजित कियागया।
इस केम्प में सिटी हॉस्पीटल, कॉमठी से सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. तंजीम आजमी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. उनैजा आजमी, जनरल फिजिशियन डॉ. सारंग अत्तराम, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. सोनम साहू एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अशफाक खान ने अपनी सेवाएँ दी। इसमें नेत्र परीक्षण एवं परामर्श, लेंस के द्वारा चश्मा का परामर्श, वी.पी. शुगर, ई.सी.जी. जाँच की गई साथ ही विशेष परामर्श भी दिये गये।
कैंसर रोग विशेषज्ञ द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं को अपने दिनचर्या के सुधार हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये। इस स्वास्थ्य एवं नेत्र शिविर में अधिक संख्या में छात्राएँ, स्टॉफ एवं शहर के अन्य नागरिकों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया।
इस कार्यकम के सफल आयोजन में महाविद्यालय की छात्राओं का विशेष योगदान रहा। साथ ही स्टॉफ से डॉ. ओमप्रकाश सरवैया, प्रो. पंकज कुमार शेन्डे, प्रो. नरेन्द्र कुमार भीमटे, प्रो. लक्ष्मी मेश्राम, प्रो. अल्का उइके, प्रो. हर्षा बघेल, एवं डॉ. सोहनलाल अहिरवार, एवं समस्त महाविद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

### मई माह की संगठनात्मक बैठकों का आगाज़, जिला प्रभारी अशोक रोहाणी का दो दिवसीय प्रवास आज से

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक सुदृढ़ता को लेकर निर्धारित नियमित बैठकों के क्रम में मई माह की मंडल स्तरीय बैठकों का दौर प्रारंभ हो गया है। जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना के मार्गदर्शन में संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल की जा रही है।
जिला भाजपा मीडिया विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, जिला संगठन के प्रभारी एवं कैंट विधायक अशोक रोहाणी का 4 मई से दो दिवसीय सिवनी जिला प्रवास सुनिश्चित किया गया है। वे 4 एवं 5 मई को जिले में विभिन्न मंडलों का दौरा करेंगे।
अपने प्रवास के दौरान श्री रोहाणी जिले के विभिन्न मंडलों में आयोजित बैठकों में पहुँचकर कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित करेंगे। इस दौरान वे संगठनात्मक गतिविधियों की गहन समीक्षा करते हुए पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करेंगे।
भाजपा संगठन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक मंडल स्तर पर नियमित बैठकें सुनिश्चित कर संगठनात्मक कार्यों में गति लाई जाएगी तथा कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया जाएगा।

### तैलिक साहू सभा की नई कार्यकारिणी घोषित, हरीश गोल्हानी सिवनी व अजय साहू डिंडोरी के जिला अध्यक्ष बने

**हरिभूमि न्यूज। लखनादौन/** सामाजिक एकता और राजनीतिक सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा ने अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू की स्वीकृति एवं राजनीतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष



ताराचंद साहू की सहमति से प्रदेश एवं जिला स्तर पर पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।नई नियुक्तियों के तहत लखनादौन निवासी हरीश गोल्हानी को सिवनी जिला अध्यक्ष (राजनैतिक प्रकोष्ठ) बनाया गया है, जबकि अजय साहू को डिंडोरी जिले की जिम्मेदारी दी गई है। इन नियुक्तियों को समाज में नए नेतृत्व को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यकारिणी में पवन साहू को संगठन मंत्री, नारायण साहू एवं आनंद साहू को उपाध्यक्ष, शरद साहू को संगठन सचिव तथा महेंद्र साहू और बृजमोहन साहू को संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। इसके अलावा दतिया, पन्ना, अनूपपुर, बैतूल, इंदौर और देवास जिलों में भी नए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है।

## सिवनी के नये एसपी होंगे कृष्ण लांलनदानी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश सरकार ने शनिवार देर रात 62 आईपीएस अधिकारियों का बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया। इस व्यापक बदलाव के तहत सिवनी जिले के पुलिस नेतृत्व में भी परिवर्तन हुआ है। इंदौर में पदस्थ डीसीपी कृष्ण लांलनदानी को सिवनी का नया पुलिस अधीक्षक (एसपी) नियुक्त किया गया है।



वहीं, वर्तमान सिवनी एसपी सुनील कुमार मेहता को इंदौर डीसीपी के पद पर स्थानांतरित किया गया है। गृह विभाग द्वारा जारी इस तबादला सूची में एडीजी, डीआईजी, एसपी और डीसीपी स्तर के अधिकारी शामिल हैं।
सीएम के बैठक के बाद लिस्ट जारी हुई
यह सूची लंबे समय से प्रतीक्षित थी और इसे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और डीजीपी कैलाश मकवाणा के बीच हुई बैठक के बाद जारी किया गया। सिवनी जिले में नए एसपी कृष्ण लांलनदानी की नियुक्ति को लेकर स्थानीय लोगों में उत्सुकता है। इंदौर जैसे बड़े शहर में कानून-व्यवस्था संभालने काअनुभव रखने वाले कृष्ण लांल नदानी से जिले में अपराध नियंत्रण, बेहतर पुलिसिंग और जनसुनवाई व्यवस्था में सुधार की उम्मीद की जा रही है। सुनील कुमार मेहता को इंदौर जैसे महत्वपूर्ण शहर में डीसीपी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने की उम्मीद

उनके कार्यकाल में सिवनी में कई महत्वपूर्ण पुलिस पहलें की गई थीं। इस प्रशासनिक फेरबदल को राज्य में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। नए पदस्थ अधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

## घर-घर दस्तक दे रहे प्रगणकः जिले में जनगणना 2027 के तहत मकान सूचीकरण जारी

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत सिवनी जिले के नगरीय एवं ग्रामीण सभी क्षेत्रों में मकान सूचीकरण (हाउस लिस्टिंग) का कार्य प्रारंभ हो गया है। यह कार्य 30 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस चरण में प्रगणक घर-घर पहुंचकर प्रत्येक मकान, उसमें निवासरत परिवारों तथा अन्य आवश्यक सामाजिक-आर्थिक जानकारियों का संकलन कर रहे हैं। जिले में यह कार्य निर्धारित हाउस लिस्टिंग ब्लॉक्स के माध्यम से संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत सभी ग्रामों एवं शहरी वार्डों को कवर करते हुए सर्वे कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने



जनगणना कार्य की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कार्य पूरी पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समय-सीमा के अनुरूप संपन्न किया जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सर्वे के दौरान आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि प्रगणक जब उनके घर पहुंचे, तो उन्हें सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं, जिससे आंकड़ों की सटीकता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान एकत्रित सभी जानकारियां पूर्णतः गोपनीय रखी जाती हैं।
जिला प्रशासन ने बताया कि जनगणना कार्य के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं तथा अधिकारियों द्वारा सतत मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि यह महत्वपूर्ण कार्य समयबद्ध एवं सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा सके।

## 78 केंद्रों पर गेहूं उपार्जन जारीः 17,145 किसानों से 93 हजार एमटी से अधिक खरीदी, 58.88 करोड़ भुगतान

**जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्य तेजी से जारी है। इस वर्ष संचालित 78 उपार्जन केंद्रों पर अब तक 17,145 किसानों से कुल 93,422 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देश पर अधिकारी लगातार उपार्जन केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहे हैं, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो। उपार्जित गेहूं के परिवहन एवं भंडारण की कार्यवाही भी प्रगति पर है। वहीं किसानों को भुगतान की दिशा में भी कार्य जारी है। अब तक 58.88 करोड़ की राशि किसानों के खातों में अंतरित की जा चुकी है तथा शेष भुगतान प्रक्रिया जारी है। प्रशासन द्वारा किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित स्लॉट के अनुसार केंद्रों पर पहुंचकर अपनी उपज का विक्रय करें, जिससे उपार्जन एवं भुगतान प्रक्रिया समय पर पूर्ण की जा सके।

## लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन, 220 से अधिक प्रतिभागी हुए शामिल

**मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत 02 मई 2026 को नर्सिंग ट्रेनिंग केंद्र के सभाकक्ष में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।





कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्षज्ञानचंद सनोडिया, जनपद अध्यक्ष श्रीमती किरण भलावी, बाल कल्याण समिति के सदस्यगण, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, लाड़ली बालिकाएं एवं उनके अभिभावक सहित लगभग 220 प्रतिभागी उपस्थित रहे।
कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों द्वारा सरस्वती पूजन के साथ किया गया। स्वागत उपरांत परियोजना अधिकारी शंशाक शेखर सिंह ठाकुर ने योजना की रूपरेखा, पात्रता, पंजीकरण प्रक्रिया एवं लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना अंतर्गत बालिका को विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश पर छात्रवृत्ति तथा उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है, वहीं 21 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर निर्धारित शर्तों के अनुसार एकमुश्त राशि का प्रावधान है।
कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। जनपद अध्यक्ष श्रीमती किरण भलावी ने अपने उद्बोधन में बालिकाओं को शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढऩे के लिए प्रेरित किया। वहीं बाल कल्याण समिति के सदस्य श्री अखिलेश यादव ने बालिकाओं को समय का सदुपयोग कर लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रोत्साहित किया।
नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया ने योजना के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका मुख्य लक्ष्य बालिकाओं को शिक्षित एवं सशक्त बनाना है।
जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज लारोकर ने विभाग की भूमिका एवं योजना के सफल क्रियान्वयन पर जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में परियोजना अधिकारी शंशाक शेखर सिंह ठाकुर ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## शैक्षणिक सत्र 2026-27: आरटीई के अंतर्गत निजी स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश के लिए द्वितीय चरण की प्रक्रिया आज से

### राज्य शिक्षा केंद्र ने द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में जारी किए दिशा निर्देश

शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रदेश में आरटीई के अंतर्गत निजी स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश के लिए द्वितीय चरण की प्रक्रिया 4 मई से शुरू होगी। स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केंद्र ने सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्ववय को निर्देश जारी कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12 (1) (ग) के अंतर्गत पात्र बच्चों को अशासकीय, गैर-अनुदान प्राप्त निजी विद्यालयों में नि:शुल्क प्रवेश प्रदान किया जाता है।

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

प्रदेश में आरटीई के तहत प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। प्रथम चरण की प्रक्रिया के बाद जिन विद्यालयों में सीटें रिक्त रह गई हैं, उन सभी विद्यालयों को उनकी रिक्त सीटों सहित द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया के लिए पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया है।

### द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया में कोई नया पंजीयन नहीं होगा

राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक श्री हरजिंदर सिंह ने बताया कि द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया में कोई नया पंजीयन नहीं किया जाएगा। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए केवल उन्हीं आवेदकों को शामिल किया जाएगा, जिन्होंने पहले चरण में आवेदन किया था। उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2026 को अवकाश निर्धारित होने तथा संशोधन उपरांत 30 मार्च 2026 को अवकाश घोषित किए जाने के कारण कुछ अभिभावक अपने बच्चों का दस्तावेज़ सत्यापन निर्धारित समय पर नहीं करा सके। ऐसे में बच्चों के हितों को ध्यान में रखते हुए ऐसे सभी आवेदकों को एक और अवसर दिया गया है। जिन विद्यार्थियों ने इस सत्र में आवेदन किया है लेकिन सत्यापन नहीं करा पाए हैं, वे आवेदन के समय चयनित जनशिक्षा केंद्र पर जाकर सत्यापन करा सकते हैं। सत्यापन में पात्र पाये जाने पर संबंधित आवेदक द्वितीय चरण में स्कूलों की चॉइस अपडेट कर सकेंगे।
सत्यापन केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे दो अधिकारी
संचालक राज्य शिक्षा केंद हरजिंदर सिंह ने बताया कि द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया को सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के लिए राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अंतर्गत सभी जनशिक्षा केंद्रों पर सत्यापन कार्य के लिए अधिकतम दो सत्यापन अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, प्रथमतः जनशिक्षकों को भी इस कार्य में लगाया जाएगा, जिससे निर्धारित समय-सीमा में आने वाले सभी आवेदकों का सत्यापन सुचारू रूप से किया जा सके। इसके अतिरिक्त, यदि किसी पालक को जनशिक्षा केंद्र पर सत्यापन कराने में किसी प्रकार की असुविधा होती है, तो वे संबंधित विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय में जाकर भी अपने बच्चे का सत्यापन करा सकते हैं।
ऐसे आवेदक, जिन्होंने प्रथम चरण में आवेदन किया था और सत्यापन उपरांत पात्र पाए गए, लेकिन उन्हें कोई भी विद्यालय आवंटित नहीं हुआ, वे द्वितीय चरण के लिए विद्यालयों की चॉइस अपडेट कर सकते हैं। इसके अलावा, जिन आवेदकों को प्रथम चरण में विद्यालय आवंटित हुआ था, लेकिन विद्यालय पसंद न आने या अन्य कारणों से उन्होंने प्रवेश नहीं लिया, वे भी द्वितीय चरण की प्रक्रिया में शामिल होकर अपनी पसंद के अनुसार विद्यालयों की चॉइस फिर से अपडेट कर सकेंगे।

### द्वितीय चरण के प्रवेश प्रक्रिया की समय सारिणी

4 से 9 मई 2026- जनशिक्षा केंद्रों पर जाकर सत्यापन करना होगा।
11 से 16 मई 2026- आवेदकों को रिक्त सीटों वाले विद्यालयों के लिए अपनी चॉइस अपडेट करने होगी।
20 मई 2026- द्वितीय चरण के लिए ऑनलाइन लॉटरी
20 मई से 10 जून- आवंटन के बाद संबंधित विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया एवं संबंधित विद्यालय द्वारा आरटीई मोबाइल ऐप के माध्यम से जानकारी दर्ज की जाएगी

## 7 मई को जिला कांग्रेस का विशाल धरना-प्रदर्शन और चक्का जाम

**मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर सिवनी जिला कांग्रेस कमेटी किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर 7 मई को बड़ा आंदोलन करने जा रही है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी के नेतृत्व में यह प्रदर्शन नेशनल हाईवे-07 स्थित ग्राम भोंगाखेड़ा में दोपहर 12 बजे किया जाएगा, जिसमें चक्का जाम भी शामिल रहेगा।
कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश की मोहन यादव सरकार की नीतियों के कारण जिले के किसान गंभीर परेशानियों का सामना कर रहे हैं। गेहूं उपार्जन में स्लॉट बुकिंग पोर्टल की गड़बड़ी और सर्वर समस्याओं के चलते किसान समय पर पंजीयन नहीं करा पा रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। नेताओं का कहना है कि किसानों को समर्थन मूल्य पर उपज बेचने में दिक्कतें आ रही हैं। उपार्जन केंद्रों पर बारदाने की कमी और फसल सुरक्षित रखने की व्यवस्था का अभाव भी बड़ी समस्या बन गया है। आरोप है कि अधिकारियों द्वारा गेहूं की गुणवत्ता में कमी बताकर खरीदी से इनकार किया जा रहा है, जिससे किसान मजबूरी में बिचौलियों को कम दाम पर फसल बेचने को मजबूर हो रहे हैं। कांग्रेस ने इसे किसान विरोधी रवैया बताते हुए कहा कि यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो किसान आंदोलन तेज किया जाएगा। इस प्रदर्शन में परासिया विधायक सोहन वाल्मीकी, केवलारी विधायक रजनीश सिंह, लखनादौन विधायक योगेंद्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस महासचिव राज बघेल सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे।
जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने सभी कांग्रेस पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और किसानों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है।

## कक्षा 9वीं, 11वीं की द्वितीय परीक्षा 3 जून से

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

**लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी की समय-सारिणी**

प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग, लोक शिक्षण संचालनालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं एवं 11वीं की द्वितीय परीक्षा की समय-सारणी जारी कर दी है। कक्षा 9वीं की परीक्षा 3 जून से शुरू होगी और 12 जून तक चलेगी, जबकि कक्षा 11वीं की द्वितीय परीक्षा भी 3 जून से शुरू होगी और 13 जून को समाप्त होगी। परीक्षा को लेकर संचालनालय द्वारा दिशा निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। वार्षिक परीक्षा में एक या एक से अधिक विषयों में अनुपस्थित/अनुत्तीर्ण विद्यार्थी द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे।

## सिवनी में पानी की पनडुब्बी मोटर चोरी का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोतवाली पुलिस ने चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई पानी की पनडुब्बी मोटर एवं बोर की मोटरें बरामद की गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कटंगी रोड स्थित शाद कॉलोनी निवासी मोहम्मद रिजवान ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी मोटरबाइंडिंग रिपेयरिंग की दुकान से अज्ञात व्यक्ति द्वारा ताला तोडक़र पानी के बोर की मशीन और पनडुब्बी मोटर चोरी कर ली गई। इस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 331/2026 धारा 331(4), 305(र) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस टीम ने संदिग्धों की तलाश करते हुए प्रकाश (35 वर्ष) निवासी हड्डी गोदाम, विकास उइके (19 वर्ष) निवासी हड्डी गोदाम तथा एक विधि-विरुद्ध बालक को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक पुरानी पानी की पनडुब्बी मोटर एवं चार बोर मोटरें जब्त की हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 60 हजार रुपये बताई जा रही है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी चोरी एवं मारपीट के मामले दर्ज हैं। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश तिवारी सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सरस्वती शिशु मंदिर में चल रहे समर कैंप ने मचाई धूम

## योग प्राणायाम से प्रारंभ होता है प्रतिदिन समर कैंप

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सरस्वती शिशु मंदिर भैरोगंज सिवनी में चल रहे 15 दिवसीय समर कैंप के प्रति भैया बहनों एवं अभिभावको में गजब का आकर्षण देखा गया । भीषण गर्मी के बाद भी समर कैंप में भैया बहनों की उत्साह जनक उपस्थित नजर आई ।
उल्लेखनीय है कि सरस्वती शिशु मंदिर सिवनी में आयोजित इस समर कैंप में भैया बहनों को योग प्राणायाम, कबड्डी, खो खो, बैडमिंटन , स्केटिंग, विभिन्न भारतीय खेलों जैसे पिट्टू, रस्सी कूद , आइस पाईस, के साथ-साथ संगीत, चित्रकला, रंगोली ,मूर्ति कला ,वैदिक गणित ,स्पोकन इंग्लिश, कर्सिव राइटिंग,कंप्यूटर ,शुद्ध लेख ,सुलेख, आदि आदि अनेक विधाओं का विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है । समर कैंप में सिखाए जा रहे यह विभिन्न कौशल, प्रतिभागी भैया बहनों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर रहे हैं । इसके साथ-साथ समर कैंप में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को भारतीय संस्कृति के विभिन्न तत्वों की भी जानकारियां दी जा रही हैं ।मातृ पितृ भक्ति ,देश भक्ति, गुरु भक्ति, भारतीय भोजन का महत्व आदि आदि विषयों पर भी भैया बहनों का प्रतिदिन आचार्य परिवार द्वारा मार्गदर्शन किया जा रहा है ।
3 मई 2026 दिन रविवार को उपरोक्त समर कैंप में विद्यालय अध्यक्ष नितिन चौधरी, व्यवस्थापक नूपेश ठाकुर, विवेकानंद बाल कल्याण समिति की साधारण सभा के सदस्यप्रदीप बांगर का भी आगमन हुआ । आपके द्वारा समस्त व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया ।समर कैंप की गतिविधियों का भी आपके द्वारा गहन अवलोकन किया गया । प्रतिभागियों के लिए की जा रही व्यवस्थाओं के प्रति गहरा संतोष और प्रसन्नता व्यक्त की गई ।
आज प्रतिभागी भैया बहनों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था विद्यालय के सह व्यवस्थापक संदीप जी मोरघड़े द्वारा की गई । उल्लेखनीय है कि उपरोक्त समर कैंप में सिवनी नगर के विभिन्न विधाओं के विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का कुशल मार्गदर्शन किया जा रहा है । शिविर में प्रशिक्षक के रूप में सहयोग करने वाले प्रशिक्षकों में सर्वश्री भगवान दास आंधवान, श्रीमती सरिता आंधवान, दिनेश ठाकुर, सुश्री प्रज्ञा नंदनवार, सुश्री दीपाली आत्मपूज्य ,श्री महेंद्र पवार, श्रीमती रेखा छावलानी, श्रद्धा दुबे, सुश्री कविता डेहरिया, श्री नरेश सोनी, आदि प्रमुख है ।

## मुफ्त राशन योजना में गड़बड़ी अमीर उठा रहे लाभ - गरीब वंचित

**धारनाकला।** शासन की महत्वाकांक्षी मुफ्त राशन योजना का लाभ जहां वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचना चाहिए, वहीं जमीनी स्तर पर स्थिति इसके विपरीत नजर आ रही है। गांव में बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी योजना का लाभ ले रहे हैं, जो शासकीय मापदंड के अनुसार पात्र नहीं हैं। जानकारी के अनुसार जिन परिवारों के पास चार पहिया वाहन, ट्रैक्टर, पक्का मकान, पर्याप्त जमीन या एक लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय है, वे नियमानुसार मुफ्त राशन के पात्र नहीं होते। इसके बावजूद ऐसे कई संपन्न परिवार योजना से जुड़े हुए हैं और लगातार गेहूं-चावल प्राप्त कर रहे हैं। वर्तमान में प्रति सदस्य 3 किलो गेहूं और 2 किलो चावल पीओएस मशीन के माध्यम से वितरित किया जा रहा है, लेकिन राशन वितरण में अनियमितता और दबाव की स्थिति भी सामने आ रही है। राशन विक्रेताओं का कहना है कि उन्हें हर माह अनाज की कमी (शॉर्टेज) का सामना करना पड़ता है। बोरियों का सही वजन न होना, गेहूं में नमी और वितरण के दौरान नुकसान जैसी समस्याएं भी सामने आती हैं।
सबसे हैरानी की बात यह है कि राशन लेने आने वाले कई लोग दोपहिया और चारपहिया वाहनों से पहुंचते हैं, जिससे योजना की पात्रता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं, कई परिवारों ने योजनाओं का लाभ लेने के लिए अलग-अलग परिवार आईडी बनवा ली है, जिससे उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं का भी लाभ मिल रहा है, भले ही उनके पास पहले से पक्के मकान मौजूद हों।
बताया जाता है कि प्रदेश में पहले भी आयकर दाताओं के नाम इस योजना में जुड़े पाए गए थे, जिन्हें हटाने की प्रक्रिया में हजारों नाम काटे गए हैं। इसके बावजूद अपात्र लोगों का जुड़ाव पूरी तरह खत्म नहीं हो सका है।
क्षेत्र के जागरूक नागरिकों का कहना है कि प्रशासन को निष्पक्ष जांच कर ऐसे लोगों को चिन्हित करना चाहिए, जो योजना के पात्र नहीं हैं। साथ ही वास्तविक गरीब और जरूरतमंद परिवारों को प्राथमिकता देते हुए उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

## करोड़ों की बेनामी संपत्ति होने की संभावना, ब्याज पर रकम देकर लोगों से लूट मचा रखने व प्रताड़ना का आरोप

# प्रापर्टी डीलर व सूदखोर सुनील अरोरा 6 दिन की पुलिस रिमांड में

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



वारासिवनी नगर के वार्ड नम्बर 7 निवासी प्रापर्टी डीलर सुनील अरोरा को पुलिस ने सूदखोरी के आरोप में गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायालय में पेश किया है। जहॉ से पुलिस ने पूछताछ के लिए सुनील अरोरा को 6 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस ने सुनील अरोरा के खिलाफ बीएनएस की धारा 308(5), 316(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। इस मामले में एक और व्यक्ति लिमन वाडिवे को भी पुलिस ने पूछताछ के लिए अभिरक्षा में रखा हुआ है।

**4 थानों की पुलिस ने दी थी दबिश:** विदित हो कि शुक्रवार की शाम को जिले के लगभग 4 पुलिस थानों की पुलिस ने वारासिवनी नगर के वार्ड नम्बर 7 में रहने वाले प्रापर्टी डीलर सुनील अरोरा के निवास स्थान पर छापामार कार्यवाही की थी और उनके घर के अंदर बैठ कर विभिन्न मामलों की जॉच करते हुए तलाशी अभियान चलाया गया। जिसमें अनेंक दस्तावेज मिलने की चर्चाऍ सरगर्म है। चर्चा है कि प्रापर्टी डीलर सुनील अरोरा के खिलाफ कुछ लोगों द्वारा ब्याज पर रकम देने, जमीनों की खरीद फरोख्त सहित विभिन्न कार्य किए जाने की शिकायत की गई थी। जिसके आधार पर पुलिस अधीक्षक बालाघाट द्वारा परसवाड़ा, चांगोटोला, बालाघाट सहित अन्य थानों की टीम बनाकर जॉच करवाई जा रही है।

**5-6 पीड़ितों ने की लिखित शिकायत:** लगभग आधा दर्जन लोग अपनी आप बीती सुनाने पुलिस के पास पहुंचे थे। पीड़ितों ने पुलिस को बताया कि किस तरह उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया और आर्थिक रूप से कंगाल बनाने की कोशिश की गई। इस मामले में लगभग 5-6 व्यक्तियों द्वारा लिखित शिकायत पुलिस थाने में की गई है, जिनके बयान भी वारासिवनी पुलिस द्वारा लिए गए है।

**सुनील अरोरा ब्याजी के नाम पर लोगों को संपत्ति को हड़पता है-सुनील अड़में :** पुलिस थाने में शिकायत करने के लिए आए हुए शासकीय शिक्षक सुनील अड़मे ने बताया कि मैने सुनील अरोरा से 1 लाख रूपये कर्ज लिया था। मैने आज तक उसे एक लाख रुपये से अधिक की राशि दी जा चुकी है। मेरा चेक उसके पास रखा हुआ है, रकम पूरी दे देने के बाद भी उसके द्वारा चेक वापस नहीं किया जा रहा है। करीब 5 वर्ष की यह बात हो गई हैं, मैं हर महीने 8000 रूपये उसे देता हूं। 10 प्रतिशत ब्याज पर था, मूल राशि से अधिक राशि दे चुका हूं। इस मामले की शिकायत हमने पहले कर चुके थे, हमने थाने में बयान दर्ज करवा दिया हैं।

**सुनील अरोरा से 2 लाख रूपये लिये थे, घर बेचकर 5 लाख रूपये दे चुके है-सपना मेश्राम:** ग्राम वारा निवासी श्रीमती सपना मेश्राम ने बताया कि हमने उससे 2 लाख रूपये उधार लिए थे, अब तक 5 लाख रूपये दे चुके है यानी 3 लाख रूपये ब्याज दिया। यह व्यक्ति हर महीने हमारे घर और दुकान में रुपए लेने के लिए आता था। हम इतने प्रताड़ित थे कि हमें अपना मकान बेचना पड़ा, इसने चेक वापस नहीं किया हैं, उल्टा हमें नोटिस भेजने की धमकी देते है। हमने आवेदन देकर बयान दिया है। पुलिस से कार्यवाही की मॉग की है।

**मैं सुनील अरोरा से बहुत परेशान हूं, जो मुझे न्याय चाहिये- छोटू धार्मिक :** बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय काम्प्लेक्स में मोबाईल शॉप चलाने वाले छोटू धार्मिक ने बताया कि वर्ष 2013 में मैंने शादी किया था, उस समय मुझे रुपए की आवश्यकता थी, तो सुनील अरोरा ने मुझे मदद की थी, कभी 10 हजार, कभी 5 हजार, 3 हजार रुपए करके करीब 65000 रूपये दिए थे। वर्ष 2013 से प्रतिदिन 300 रूपये रोज और महीने का 9000 रुपए मैं उसे दे रहा था। मेरा चेक और घर के दस्तावेज सुनील अरोरा के पास पड़े हैं, अभी तक इसने वापस नहीं दिया है और ना ही मेरा कर्जा स्पष्ट किया है। मैं इससे बहुत प्रताड़ित हूं, मेरे रुपए देने के दो व्यक्ति गवाह है।

**अनेंक विवादों में शामिल है सुनील अरोरा का नाम:** हम आपको बता दे कि प्रापर्टी डीलर सुनील अरोरा का कार्य जमीन की खरीद फरोख्त के साथ ही लोगों को ब्याज पर रकम देना भी है। उनका नाम कई बार अनेंक प्रकार के विवादों में घिरा रहा है और कोर्ट कचहरी के चक्कर लगाना उनके लिए मामूली बात है। उनका नाम कई विवादित जमीनों की खरीद फरोख्त में भी जुड़ता रहा है। यह मामला में आपसी प्रतिस्पर्धा का समझ में आ रहा है। पिछले कुछ समय से कुछ जमीनों की खरीद फरोख्त को लेकर उनके ही कुछ साथियों के साथ उनकी अनबन चल रही है। चर्चा है कि इसी अनबन के चलते एस पी व जिला प्रशासन को शिकायते की गई थी। जिसके बाद यह जॉच कार्यवाही प्रारंभ हुई है।

**आदिवासियों की जमीन से खरीदी बिक्री के तार भी हो सकते है जुड़े हुए:** जानकारों द्वारा इस घटना के तार गत दिनों तुमाड़ी निवासी गणेश कुमरे से आयकर विभाग विभाग द्वारा आदिवासियों की जमीनों की खरीदी बिक्री के मामले में की गई पूछताछ से भी जोड़े जा रहे है। उल्लेखनीय है कि आदिवासियों की जमीनों की खरीद फरोख्त के मामले में भी सुनील अरोरा का हाथ कई स्थानों में होने की चर्चा है।

**विभिन्न बैंकों के सैकड़ों चेक, भूमियों की रजिस्ट्रियॉ, एग्रीमेंट के कागजात बरामद होने की चर्चा:** जानकारी अनुसार पुलिस ने सुनील अरोरा के घर की तलाशी में सैकड़ों की संख्या में विभिन्न बैंकों के चेक, भूमियों की रजिस्ट्री के कागजात, एग्रीमेंट के कागजात और नगद राशि भी बरामद की है। जिन भूमियों, दुकानों व मकानों के दस्तावेज पुलिस ने बरामद किए है, उनकी वर्तमान कीमत करोड़ों रुपये में बताई जा रही है। इसके अलावा सुनील अरोरा के घर में लगे हुए सीसीटीवी कैमरों के पूरे सेटअप को भी पुलिस द्वारा जप्त कर लिया गया है। जिससे उसके घर आने-जाने वाले लोगों से लेकर उसके द्वारा की गई गतिविधियों की जानकारी भी पुलिस को मिलने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

**पूछताछ में और भी बेनामी संपत्ति का हो सकता है खुलासा:** वहीं पुलिस ने जिस लिमन वाडिवा को पूछताछ के लिए अभिरक्षा में रखा है, उस व्यक्ति के नाम से भी कई एकड़ भूमि होने की बात सामने आ रही है। फिलहाल तो पुलिस ने सुनील अरोरा को 6 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है और उससे पूछताछ के दौरान उसकी और भी बेनामी संपत्ति का खुलासा होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। इस मामले की जॉच परसवाड़ा एसडीओपी अरविंद शाह, वारासिवनी एसडीओपी अभिषेक चौधरी, वारासिवनी थाना प्रभारी पवन यादव, उपनिरीक्षक आशीष वरकड़े व शशांक राणा द्वारा की जा रही है।

प्रवेश प्रारंभ

Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & OTE MP

सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज

B.Tech. 4 Year Degree 12th Mats Pass

Polytechnic 3 Year Diploma 10th Pass

कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
माईनिंग इलेक्ट्रिकल
सिविल मेकेनिकल

JOB SAHI

सतपुड़ा कैम्पस, लाल रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.)

9425836824, 62625604111 Web: www.satpudaengineeringcollege.com

## कार्यालय ग्राम पंचायत कोचेवाड़ा

जप बालाघाट, वि.खं. बालाघाट, जिला बालाघाट(म.प्र.)

क्रं./निविदा/2026 दिनांक : 01/05/2026

//निविदा सूचना//

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि ग्राम पंचायत कोचेवाड़ा में वित्तिय वर्ष 2026-27 में विभिन्न योजनाओं मनरेगा 15वॉ वित्त आयोग, 5 वॉ वित्त, राज्य वित्त आयोग, स्वच्छ भारत, पंचायत निधि शुल्क, सर्व शिक्षा अभियान, सांसद निधि, विधायक निधि, गौड़ खनिज, स्कराधान, अधोसंरचणात्मक निर्माण एवं विकास कार्यो के लिए आवश्यक सामग्री, ईंट, लोहा 8mm, 10mm, 12mm, 16mm सिमेंट, रेत, गिट्टी (40mm एंड 20mm) मुरूम खराड़ी, मलमा ढुलाई, पॉलीथीन, पेंट, पाईप, मिक्चर मशीन, वायब्रेटर, ट्राली, ट्रेक्टर किराया, जेसीबी मशीन उक्त सामग्री क्रय हेतु निविदा मोहरबंद लिफाफा में कार्यालयीन दिवस व समय में दिनांक 05/05/2026 से 16/05/2026 तक आमंत्रित हैं। निविदा संबंधित संपूर्ण जानकारी ग्राम पंचायत कोचेवाड़ा से प्राप्त कर सकते हैं। वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत कोचेवाड़ा का होगा।

| सुशील कटरे | चैनलाल वाडेवा | मिलेन्द्र भौतेकर |
|---|---|---|
| सरपंच | सचिव | ग्रा.रो.सहायक |

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत कोचेवाड़ा

## कार्यालय ग्राम पंचायत मर्री, जनपद पंचायत किरनापुर

क्रं./10/ग्रा.पं. मर्री दिनांक: 01/05/2026

//निविदा//

ग्राम पंचायत मर्री के द्वारा करवाये जाने वाले विधायक निधि, स्वच्छ भारत अभियान, वीबी जी राम जी, मनरेगा, 15वां वित्त, 5वां वित्त आदि योजनाओं से करवाये जाने वाले निर्माण कार्य ग्राम पंचायत भवन, सामुदायिक भवन अटल सेवा सदन, परकोलेशन टैंक, सीसी. सड़क, आर.सी.सी. नाली निर्माण, ओपन जिम-गार्डन इत्यादी के लिये सामग्री जैसे विद्युत पोल वायरिंग, बल्ब और अन्य सामग्री सहित एवं रेत, ईट, रेलिंग, दरवाजा खिड़की, पल्ले, फर्नीचर व्यवस्था, गिट्टी 20,40,80 एमएम, सीमेंट, लोहा(8,10,12,16 एमएम), बिरलावाईट, पेंट, विद्युत फिटिंग सामग्री, सेनेटरी सामग्री, टाईल्स, टैंकर परिवहन, जे.सीबी वर्क, खराड़ी, नवीन कम्प्यूटर, प्रिंटर लेपटॉप एवं अन्य कंप्यूटर संबधित सामग्री क्रय एवं रिपेयरिंगग, स्टेशनरी, फोटोकापी, नल-जल योजना रिपेयरिंग सामग्री, परिवहन, जलपान प्रबंध, फलेक्स, डेकोरेशन कार्य इत्यादी के लिये निविदा दिनांक 04.05.2026 से 16.05.2026 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय ग्राम पंचायत मर्री में आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नियम और शर्ते प्राक्कलन और प्रारूप ग्राम प्रचायत के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

| मोहन राणा | श्रीमति भावना पटले | विनीता रामटेककर | जितेन्द्र नंदगोली |
|---|---|---|---|
| सरपंच | उपसरपंच | सचिव | रोजगार सहायक |

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत मर्री




नियम एवं शर्ते :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें

हरिभूमि कार्यालय : 66/1, औद्योगिक क्षेत्र, रिछाई जिला जबलपुर

मो. 9479623424, 9340637789